प्रभात खबर

Fake Ghee: कहीं आप भी तो नहीं इस्तेमाल कर रहे नकली घी, मशहूर दुकानों में बिक रहा मिलावटी सामान

Fake Ghee: राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग ने मिलावटी सामानों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है. राजस्थान के सुपरमार्ट में विभाग ने 46 हजार लीटर नकली तेल सीज कर दिया. साथ ही बड़ी मात्रा में नकली घी भी बरामद किया है.

Fake Ghee: मिलावटी सामान के खिलाफ खाद्य विभाग की कार्रवाई हुई तो मशहूर ब्रांडों के सामानों के नाम पर नकली सामान बेचने के कई मामले सामने आये. इसी कड़ी में राजस्थान के जयपुर में एक बड़े मॉल में विभिन्न ब्रांड का नकली घी और तेल पाया गया. हाल के दिनों में मिलावटी सामानों को ओरिजिनल सामान के नाम पर बेचने के कई मामले सामने आये. स्वास्थ्य विभाग को इसकी शिकायत मिली तो विभाग ने इसके खिलाफ कार्रवाई शुरू की. जयपुर में करीब आधा दर्जन सुपरमार्ट पर हुई कार्रवाई के बाद इस मिलावट के सामान का पता चला. वहीं मिलावट का मामला सामने आने के बाद हेल्थ डिपार्टमेंट ने प्रदेश में मिलावट खोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है.

मिलावट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने मिलावटी सामानों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है. राजस्थान के सुपरमार्ट में विभाग ने 46 हजार लीटर नकली तेल सीज कर दिया. साथ ही बड़ी मात्रा में नकली घी भी बरामद किया है. मिलावटी सामान जब्त करने के बाद विभाग ने मिलावटी तेल और घी को बेचने वाले दो फर्म को भी सीज कर दिया है. मार्ट में सरस घी के नाम पर नकली और मिलावटी घी बेटा जा रहा था. इन मिलावटी घी की सप्लाई असली घी के स्टॉक के बीच में नकली घी के डिब्बे रखकर की गई थी. एक ही बैच नंबर और एक ही सीरीज के कई डिब्बे रखे गये थे.

एक जाने माने स्टोर पर नकली प्रो वैदिक घी बेचने की शिकायत के बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में तेल और घी जब्त किया है. शिकायत के बाद जब अधिकारियों ने सरकारी लैब से घी और तेल की जांच करवाई तो घी और तेल घटिया गुणवत्ता वाला निकला. जांच के दौरान यह भी सामने आया कि सुपर मार्ट में घी के एक ही बैच नंबर और एक ही सीरीज के कई बॉक्स थे. इसके बाद सरस घी कंपनी के क्वालिटी कंट्रोल मैनेजर और एनालिस्ट को बुलाकर जांच कराई गई तो जांच में घी नकली पाया गया. इसके बाद सारे घी को जब्त कर लिया गया.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/rajasthan/raid-on-fake-ghee-in-jaipur-rajasthan-seize-oil-nakli-ghee-jabt